**झारखण्ड सरकार**
**सांस्कृतिक कार्य निदेशालय**
(पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग)
Phone: 0651-2401917 E-mail: dirjharkhandculture@gmail.com

434/18/01/2022

## Corrigendum

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि PR 261594 द्वारा पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग के अन्तर्गत सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2022) के अवसर पर मोरहाबादी मैदान, राँची में आयोजित समारोह में झांकी का निर्माण एवं प्रदर्शन हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना में निम्नवत् संशोधन किया जाता है :–

- निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि/समय – दिनांक 21.01.2022 समय 11.00 बजे
- निविदा खोलने हेतु निर्धारित बैठक – दिनांक 21.01.2022 समय 11.30 बजे

2. संबंधित निविदा आमंत्रण की शेष शर्त्ते यथावत् रहेंगे।

18.1.22
निदेशक, संस्कृति
सांस्कृतिक कार्य निदेशालय
झारखण्ड, राँची।

ज्ञापांक 434 | राँची, दिनांक 18/01/2022

**प्रतिलिपि** : श्री अर्जुन कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सांस्कृतिक कार्य निदेशालय को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त को निदेशालय के वेबसाईट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करेंगे।

18.1.22
निदेशक, संस्कृति
सांस्कृतिक कार्य निदेशालय
झारखण्ड, राँची।

E:\Director (Culture-Arjun)\Tender\Jhanki\Jhaki 2022\Jhaki 2022 News Paper.doc

**झारखण्ड सरकार**
**सांस्कृतिक कार्य निदेशालय**
(पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग)
Phone: 0651-2401917, E-mail: dirjharkhandculture@gmail.com

**गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2022) के अवसर पर झांकी निर्माण एवं प्रदर्शन हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :–**

पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग, झारखण्ड सरकार के अन्तर्गत सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा गणतंत्र दिवस, (26 जनवरी 2022) के अवसर पर मोरहाबादी मैदान, राँची में आयोजित समारोह में **''देश के आजादी की लड़ाई में झारखण्ड के अचर्चित स्वतंत्रता सेनानी (Unsung Heroes of Jharkhand in India Freedom Struggle)''** विषयक थीम पर झांकी का निर्माण एवं प्रदर्शन किया जाना है, जिस निमित्त झांकी निर्माण कार्य में योग्य एवं अनुभवी फर्मों/संस्थानों/निर्मात्ताओं से बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है।

**उक्त निविदा निम्न शर्त्तों के साथ आमंत्रित की जाती है :–**

1. निविदा (दो लिफाफा व्यवस्था) अंतर्गत दो लिफाफों क्रमशः भाग –01 तकनीकी बीड एवं भाग–02 वित्तीय बीड एक अन्य लिफाफे में समुचित तरीके से बंद रहेंगे। **लिफाफों के उपर तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड स्पष्टतः लिखा होना चाहिए।**

2. भाग –01 **तकनीकी बीड लिफाफा**– तकनीकी बीड लिफाफा के अंदर पुनः दो बंद लिफाफे होंगे – जिसमें से **(क) प्रथम लिफाफा (जिसके उपर ''तकनीकी अभिलेख'' स्पष्टतः अंकित होना चाहिए)** में निम्न स्वअभिप्रमाणित अभिलेख उपलब्ध कराना आवश्यक होगा :– (i) फर्म का नाम एवं पूरा पता (ii) निबंधन संख्या (iii) पैन नं० (iv) जी०एस०टी० नं० (v) नोटरी पब्लिक से काली सूची में दर्ज नहीं होने संबंधित शपथ पत्र। (vi) गत् तीन वित्तीय वर्षों का संबंधित क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव। (vii) आयकर रिटर्न (वित्तीय वर्ष 2018–19, 2019–20, 2020–21 अर्थात् एसेसमेन्ट वर्ष 2018–19, 2019–20, 2020–21, 2021–22)। (viii) रू० 20,000.00 (बीस हजार रूपये) का बैंक ड्राफ्ट झारखण्ड कला मंदिर, (JHARKHAND KALA MANDIR) के पदनाम से भुगतेय संलग्न करना अनिवार्य होगा।

   **(ख) द्वितीय लिफाफा (जिसके उपर ''क्रिएटिव –स्क्रिप्ट, डिजाईन एवं मॉडल'' स्पष्टतः अंकित होना चाहिए)** में संबंधित विषय वस्तु/थीम से संबंधित तीन (03) क्रिएटिव– स्क्रिप्ट तथा झांकी का मॉडल–डिजाईन प्रारूप उपलब्ध कराना आवश्यक होगा। निविदादाता को झांकी के विषय का थ्री–डी व्यू प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा।

3. भाग –02 **वित्तीय बीड लिफाफा** में थीम/विषय के झांकी हेतु दर (सभी करों सहित) स्पष्टतः शब्दों में भी अंकित रहना चाहिए।

4. तकनीकी शर्तों में सफल निविदादाता का ही ''क्रिएटिव –स्क्रिप्ट, डिजाईन एवं मॉडल'' संबंधित लिफाफा खोला जायेगा तथा क्रिएटिव स्तर पर सफल होने के उपरांत ही सफल निविदादाता का वित्तीय बीड खोला जायेगा।

5. झांकी की थीम/विषय के अनुसार झांकी के साथ पर्याप्त एवं निर्धारित कलाकारों की भागीदारी निविदादाता/झांकी निर्माता द्वारा सुनिश्चित कराई जायेगी, जिसका बजट भी झांकी निर्माण के बजट के अंतर्गत ही होगा तथा इस हेतु कोई अतिरिक्त राशि देय नहीं होगा।

6. (i) इच्छुक एवं अनुभवी फर्म/संस्थान/निर्मात्ता दिनांक 21.01.2022 समय 11.00 बजे तक, निविदा समर्पित कर सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिन पूर्वाह्न 11.30 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा जिसमें निविदादाता/उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

   (ii) निविदा समर्पित करने/निविदा निस्तारण का स्थान– सांस्कृतिक कार्य निदेशालय कार्यालय, तृतीय तल, एम०डी०आई० भवन, धुर्वा, राँची 834004 दूरभाष सं० –0651–2401917।

7. निविदा को किसी कारणवश किसी भी समय रद्द/परिवर्त्तित करने का सभी अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

18.1.22

निदेशक, संस्कृति,
सांस्कृतिक कार्य निदेशालय
झारखण्ड, रांची ।

झारखण्ड सरकार
सांस्कृतिक कार्य निदेशालय
(पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग)
Phone: 0651-2401917, E-mail: dirjharkhandculture@gmail.com

## :– 'अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना' :– 429

दिनांक: 12/01/2022

**गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2022) के अवसर पर झांकी निर्माण एवं प्रदर्शन हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :–**

पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग के अन्तर्गत सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2022) के अवसर पर मोरहाबादी मैदान, राँची में आयोजित समारोह में झांकी का निर्माण एवं प्रदर्शन किया जाना है, जिस निमित्त झांकी निर्माण कार्य में योग्य एवं अनुभवी फर्मों/संस्थानों/निर्मात्ताओं से बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है।

अंतः उपरोक्त हेतु अनुभवी एवं इच्छुक फर्म/संस्थान/निर्मात्ता दिनांक 19.01.2022 समय 11.00 बजे तक सांस्कृतिक कार्य निदेशालय कार्यालय, तृतीय तल, एम०डी०आई० भवन, धुर्वा, राँची –04 में निविदा समर्पित कर सकते हैं। निविदा से संबंधित सभी विस्तृत जानकारी निदेशालय के वेबसाईट www.jharkhandculture.com तथा सूचना पट्ट से प्राप्त किया जा सकता है। इस निविदा से संबंधित अनुवर्त्ती/बाद की सभी सूचनाएँ निदेशालय के वेबसाईट www.jharkhandculture.com पर ही उपलब्ध होगी। निविदा को किसी भी समय रद्द/आवश्यक संशोधन करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

12.1.22
निदेशक, संस्कृति
सांस्कृतिक कार्य निदेशालय
झारखण्ड, राँची।

C:\Users\user\Desktop\Jhaki 2022 News Paper.doc